कार्यालय जिलाधिकारी, मऊ

संख्या– 1070, (I)(11) /एल0बी0सी0/सं0स0कर्म0/2016. दिनांक– जुलाई, 30, 2016

विज्ञप्ति

सचिव, उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग–1, लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश संख्या–2021/9–1–16–185सा/ 10टीसी दिनांक 04 जुलाई, 2016 के क्रम में शासनादेश सं0–1081/ 9–1 –14–466 सा/2013 दिनांक 31 जुलाई 2014 तथा निर्धारित संविदा धनराशि (संबंधित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों का समय–समय पर देय मंहगाई भत्ते के समान धनराशि) अनुमन्य कराये जाने के आधार पर संविदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु जनपद–मऊ के नगर निकायों के लिए निम्नानुसार स्वीकृत पदों को भरने हेतु आवदेन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं जो सम्बन्धित निकायों के अधिशासी अधिकारी के पास निर्धारित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे जायेंगे। अन्य माध्यमों से प्राप्त आवदेनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

क्र0 सं0	निकाय का नाम	पदों की संख्या	आरक्षण की स्थिति			
			अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित
1	नगर पालिका परिषद, मऊ	353	74	07	95	177
2	नगर पंचायत दोहरीघाट	05	01	..	01	03
3	नगर पंचायत घोसी	36	07	01	10	18
4	नगर पंचायत कोपागंज	40	08	01	11	20
5	नगर पंचायत, अदरी	23	05	.	06	12
6	नगर पंचायत, मुहम्मदाबाद गोहना	24	05	.	06	13

आवेदन की शर्त/निर्देश

1. आवेदन पत्र सम्बन्धित निकाय में जमा करने की अंतिम तिथि 12.08.2016 है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की 01.07.2016 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त समय–समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार आयुसीमा में छूट अनुमन्य होगी।
3. निकाय में पहले से संविदा वेतन पर नियुक्त अथवा ठेकेदारों के माध्यम से संविदा पर कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मैन्युवल स्कैवेन्जरों को निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जायेगी।
4. उ0प्र0लोक सेवा(अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994(यथासंशोधित) का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
5. संविदा सफाई कार्मिकों की सेवायें संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी।
6. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर, नवीनतम पासपोर्ट साइज की दो फोटो, रजिस्ट्री डाक टिकट लगा हुआ दो लिफाफा जिस पर स्वयं का पता लिखा हो, शैक्षिक योग्यता (यदि कोई हो), जन्म तिथि, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र(यदि कोई हो) की स्वप्रमाणित छाया प्रतियाँ आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। मूल प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र के साथ कोई शुल्क देय नहीं है।
7. आवेदन पत्र अपूर्ण पाये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
8. शासनादेश में दिये गये निर्देशों के अनुसार चयन समिति द्वारा संविदा सफाई कर्मिकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा, तत्पश्चात साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची शासन को भेजी जायेगी। शासन द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धिन निकाय के अधिशासी अधिकारी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी किये जायेंगे।

(वैभव श्रीवास्तव)
जिलाधिकारी
मऊ।

संविदा पर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

अभ्यर्थी का स्व–प्रमाणित फोटोग्राफ

अभ्यर्थी का स्व–प्रमाणित फोटोग्राफ

1. आवेदित पद का नाम– ....

2. निकाय का नाम:– ....

3. आवेदक/आवेदिका का नाम:– ....

   (क) हिन्दी के देवनागरी लिपि में– ....

   (ख) अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों मे– ....

4. पिता/पति का नाम:– ....

5. स्थायी पता:– ....

6. पत्र व्यवहार का पता:– ....

7. जन्म तिथि:–

   (क) अंकों में ....

   (ख) शब्दों में ....

8. (01.07.2016 को आयु)....................वर्ष............................माह............................दिन

9. राष्ट्रीयता:– ....

10. दूरभाष/मोबाइल नं0..

11. जाति...उपजाति....................................

12. शैक्षिक योग्यता (यदि कोई हो)–..

13. अनुभव (यदि कोई हो) –..

घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने आवेदन हेतु पात्रता की समस्त शर्तें/निर्देश पढ़ लिये हैं वह मुझे मान्य है। आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गये समस्त विवरण/सूचनायें सत्य हैं एवं कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि कोई विवरण/सूचना असत्य पायी जाती है तो मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त कर दिया जाये।

दिनांक:–

संलग्नकों की संख्या:–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर